**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 13.09.2024**

**विषयः-** **थाना-क्षेत्र भेलूपुर के कबीर नगर कॉलोनी स्थित फ्लैट से धोखे से चाभी मांगकर शातिर तरीके से स्कूटी चोरी करने वाली 02 बाल अपचारी (बालिकाएं) थाना भेलूपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार, चोरी गयी स्कूटी बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर के नेतृत्व में थाना भेलूपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 0372/2024, धारा- 303(2), 318(4) बी0एन0एस0, थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित 02 बाल अपचारी (बालिकाएं) को मडुवाडीह रेलवे स्टेशन प्लेट फार्म नं0- 01 के सामाने रेलवे कॉलोनी के पास थाना-क्षेत्र भेलूपुर वाराणसी से दिनांक- 13.09.2024 को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया तथा चोरी की गयी स्कूटी वाहन सं0- UP 65 EM 9842 को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना भेलूपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरणः-** दिनांक- 09.09.2024 को कबीर नगर कालोनी वाराणसी में द्वितीय तल पर रहने वाली वादिनी मुकदमा द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि- आज प्रातः 9.30 पर एक बालिका 15-17 वर्ष आयु की स्कूल ड्रेस में मेरे फ्लैट पर आयी और उसने मुझसे बोली कि उसका कुछ सामान ऊपर चढ़ाना है, मेरी स्कुटी को किनारे करना है, मैने सोचा कि यह लड़की स्कूल ड्रेस में है तो यह इसी बिल्डिंग में रहती है, उसने मुझसे किनारे करने लिए चाभी मांगी, मेरे सामने वाले फ्लैक के भइया अपने दरवाजे पर खड़े थे मैने उनको बोला कि आप देखते रहिएगा, वह नीचे जाकर स्कूटी को सीधा की और देखते ही देखते वह स्कूटी स्टार्ट करके लेकर भाग गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना भेलूपुर पर मु0अ0सं0- 0372/2024, धारा 303(2)/318(4) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया था।

**विवरण पूछताछः-** दोनो बाल अपचारी(बालिकाए) द्वारा बताया गया कि हम दोनो को स्कूटी चलाने का मन था और हम दोनो स्कूटी से आना जाना व घुमना फिरना चाहते थे इसलिए हम दोनो ने मिलकर स्कूटी चोरी की थी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. दो नफर बाल अपचारी (बालिकाए)

**बरामदगी का विवरण-**

1. स्कूटी नं0 UP65EM9842 TVS JUPITER नीले रंग।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विजय कुमार शक्ला थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
2. उ0नि0 प्रशान्त शिवहरे चौकी प्रभारी दुर्गाकुंड थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
3. प्रशिक्षु उ0नि0 रोशन सिंह थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
4. प्रशिक्षु म0उ0नि0 शिखा गोड़ थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
5. का0 सुनील यादव थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
6. म0का0 रिंकू यादव थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन,**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**